6. भूगोल विषय का चयन वे सभी अभ्यर्थी कर सकते हैं जिन्होंने इण्टर में भूगोल पढ़ा हो अथवा इण्टर परीक्षा विज्ञान या कृषि से उत्तीर्ण किया हो।
7. परास्नातक (कला/विज्ञान/वाणिज्य) प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु स्नातक स्तर पर 40 प्रतिशत या उससे अधिक होना अनिवार्य है।
8. परास्नातक (कला/विज्ञान/वाणिज्य) प्रथम सेमेस्टर के जिस विषय में प्रवेश लेना चाहते है वह विषय स्नातक कक्षा में अभ्यर्थी द्वारा पढ़ा गया होना अनिवार्य है।
9. सभी संकायों में प्रतिदेय अधिप्रतिनिधित्व तथा आरक्षण सरकार एवं गोरखपुर विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार होगा। प्रबन्ध समिति के द्वारा महाविद्यालय हित में तय किये गये आरक्षण भी मान्य होगे।
10. साक्षात्कार हेतु श्रेष्ठता सूची 06 जुलाई को महाविद्यालय के सूचना पट्ट, वेबसाइट पर तथा प्रवेश हेतु आवेदकों के बनाये गए व्हाट्सएप ग्रुप पर भी प्रकाशित कर दी जायेगी। प्रवेश 08 जुलाई से प्रारम्भ होगा।
11. श्रेष्ठता सूची में घोषित अभ्यर्थी को निर्धारित तिथि पर साक्षात्कार हेतु प्रवेश समिति के समक्ष उपस्थित होना होगा।
12. प्रवेश साक्षात्कार के द्वारा छात्र के मूल्यांकन के आधार पर होगा। साक्षात्कार हेतु इण्टरमीडिएड परीक्षा प्राप्तांक के श्रेष्ठता क्रम में बुलाया जायेगा। उक्त श्रेष्ठता सूची में नाम होने का यह कदापि अर्थ नहीं होगा कि छात्र प्रवेश हेतु अर्ह है।
13. साक्षात्कार के पश्चात चयनित अभ्यर्थी यदि उसी दिन निर्धारित शुल्क जमा नहीं करते हैं तो प्रवेश के लिये उसका चयन निरस्त माना जायेगा।
14. कोई भी संस्थागत छात्र सम्बन्धित सत्र में प्रवेश से लेकर परीक्षा की अन्तिम तिथि तक ही संस्था का छात्र माना जायेगा।
15. किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए लिया गया शुल्क किसी अन्य पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए न हो तो समायोजित होगा और न ही वापस होगा। प्रत्येक छात्र/छात्रा को उसके द्वारा जमा की गयी धनराशि की रसीद दी जायेगी।
16. महाविद्यालय में प्रवेश करते समय परिचय पत्र को अनिवार्य गले में पहने रहे। जब तक महाविद्यालय परिसर में रहें, तक तब परिचय पत्र को गले में ही धारण किये रहें। बिना परिचय पत्र के महाविद्यालय में प्रवेश निषेध रहेगा।
17. प्रत्येक छात्र/छात्रा को प्रति वर्ष परिचय पत्र में उनकी चरित्र पंजिका दी जायेगी। जिसमें उनकी उपलब्धियों, व्यवहार, उपस्थिति, सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित अन्य सामाजिक गतिविधियों का प्रमाणिक विवरण होगा। उक्त चरित्र पंजिका को छात्र/छात्रा कहीं भी प्रमाण–पत्र के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है।
18. विवरणिका तथा नियमावली में आकस्मिक संशोधन तथा परिवर्तन का अधिकार महाविद्यालय के पास सुरक्षित है।

❖ **ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश हेतु आवेदन करने वाले सभी अभ्यर्थियों को 08 जुलाई से प्रवेश समिति के समक्ष प्रस्तुत होना होगा। प्रवेश के समय उन्हें परिचय पत्र, पुस्तकालय कार्ड, समय–सारणी एवं चरित्र पंजिका प्रवेश स्वीकृति के बाद प्रदान की जायेगी।**